**दूरदर्शन की बहुभाषायी आवाज की परियोजना**

1520. **श्री सक्सेना जोगी :** क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या दूरदर्शन टेलीविजन प्रसारण के लिए बहु भाषायी आवाज की परियोजना शुरू कर रहा है ताकि हिन्दी अथवा अंग्रेजी न समझ सकने वाले अधिकांश दर्शक इससे लाभान्वित हो सकें;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) उक्त परियोजना के कब तक कार्य शुरू किए जाने की संभावना है ?

**सूचना और प्रसारण मंत्रालय के राज्यमंत्री (श्री के० पी० सिंह देव) :** (क) जी, नहीं । वर्तमान में, बहुभाषी टेलीविजन ट्रांसमीशन शुरू करने के लिए कोई अनुमोदित योजना नहीं है ।

(ख) और (ग) प्रश्न नहीं उठता ।

**Resentment against the Hindi Programmes in Metro Channel**

1521. SHRI TIDIVANAM G. VENKATRAMAN:
SHRI MISA R. GANESAN:
SHRI J. S. RAJU:

Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING be pleased to state:

(a) whether people of Tamil Nadu have raised--objectoin and resentment against maximum Hindi programmes on Metro Channel thus imposing Hindi on the people of Tamil Nadu;and

(b)whather his Ministry has taken steps to introduce Tamil programme in Hindi speaking areas like Delhi, Bombay, etc?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING (SHRI K. P. SINGH DEO): (a) Some complaints of this nature were received by Doordarshan and this Ministry.

(b) Yes, Sir.

**सौराष्ट्र में उच्च शक्ति वाले टेलीविजन ट्रांसमीटर**

1522. **श्री चिमन भाई हरिभाई शुक्ल :**
**श्री अन्तराय देवशंकर दूबे :**

क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सौराष्ट्र में आठवीं पंचवर्षीय योजनावधि के दौरान कितने उच्च शक्ति वाले टी०वी० ट्रांसमीटर लगाने का प्रस्ताव है;

(ख) प्रत्येक ट्रांसमीटर की क्या क्षमता होगी;

(ग) प्रत्येक ट्रांसमीटर से कितने क्षेत्र को इसकी सुविधा प्राप्त होगी;

(घ) सौराष्ट्र क्षेत्र में इस समय कितने टेलीविजन ट्रांसमीटर कार्यरत हैं;

(ङ) क्या यह सच है कि क्षेत्रीय तथा राष्ट्रीय नेटवर्क के अंतर्गत प्रसारित कार्यक्रम इन केन्द्रों के माध्यम से निकटवर्ती गांवों तक नहीं पहुंच रहा है; और

(च) यदि हां, तो इसके क्या कारण है

**सूचना और प्रसारण मंत्रालय के राज्यमंत्री (श्री के० पी० सिंह देव ):** (क) और (ख) : श्रीमान दो उच्च शक्ति टी०वी० ट्रांसमीटर स्थापित किए जाने का प्रस्ताव है । वर्तमान में, 10 कि०वा० क्षमता का एक उच्च शक्ति ट्रांसमीटर भुज में कार्यान्वयनाधीन है । पालिटना में स्थापित किए जाने के लिए परिकल्पित एक अन्य उच्च शक्ति ट्रांसमीटर हेतु तकनीकी पैरामीटरों/स्थल को अंतिम रूप नहीं दिया गया है ।